**Statement regarding disqualification of Indian Wrestler Vinesh Phogat under 50 kg category in Paris Olympic**

श्रम और रोजगार मंत्री तथा युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री **(डॉ. मनसुख मांडविया) :** माननीय स्पीकर सर, मैं भारतीय रेसलर विनेश फोगाट के पेरिस ओलंपिक की स्पर्धा से बाहर होने पर एक वक्तव्य देना चाहता हूं ।

भारतीय रेसलर विनेश फोगाट को तय कैटेगरी में ज्यादा वजन (100 ग्राम) होने की वजह से पेरिस ओलिंपिक से बाहर होना पड़ा है । विनेश 50 केजी की कैटेगरी में खेल रही थी ।

स्पर्धा के लिए विनेश का वजन 50 किलोग्राम होना अनिवार्य था । UWW के नियमों और विनियमों के अनुसार, सभी प्रतियोगिताओं के लिए, संबंधित श्रेणी के लिए प्रत्येक सुबह वजन-माप का आयोजन किया जाता है । अनुच्छेद 11 के अनुसार ?यदि कोई एथलीट वजन माप (प्रथम अथवा द्वितीय) में भाग नहीं लेता है अथवा असफल हो जाता है, तो उसे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाएगा और बिना किसी रैंक के अंतिम स्थान पर रखा जाएगा ।?

7 अगस्त 2024 को, 50 किलोग्राम महिला कुश्ती के लिए वजन का निर्धारण 07:15 - 07:30 पेरिस समय के अनुसार रेपेचेज (repechages) और फाइनल में भाग लेने वाले पहलवानों के लिए किया गया था ।

विनेश का वजन 50 किलो 100 ग्राम पाया गया, इसलिए वे स्पर्धा के लिए अयोग्य घोषित की गईं । इस मामले को लेकर भारतीय ओलंपिक संघ ने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ से कड़ा विरोध भी दर्ज किया है । भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्षा पी.टी.ऊषा जी भी अभी पेरिस में हैं । प्रधानमंत्री जी ने स्वयं उनके साथ बातचीत की है और उचित कार्यवाही करने के लिए, उचित एक्शन लेने के लिए भी उनको कहा गया है ।

विनेश मंगलवार 6 अगस्त को 3 मुकाबले जीतकर 50 केजी रेसलिंग ओलंपिक के फाइनल में पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला रेसलर बनी थीं । सेमीफाइनल में उन्होंने क्यूबा की पहलवान गुजमान लोपेजी को, क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन की ओकसाना लिवाच और प्री-क्वार्टरफाइनल में वर्ल्ड चैंपियन जापान की युई सुसाकी को 3-2 से मात दी थी । उन्हें बुधवार 7 अगस्त की रात करीब 10 बजे गोल्ड मेडल के लिए अमेरिकी रेसलर सारा एन हिल्डरब्रांट से मुकाबला करना था ।

जहां तक उनकी तैयारी हेतु सहायता का प्रश्न है, भारत सरकार ने विनेश फोगाट की उनकी आवश्यकता के अनुसार हर संभव सहायता प्रदान की है ।? (व्यवधान) उनके लिए पर्सनल स्टाफ भी नियुक्त किए गए हैं जो अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं ।? (व्यवधान) उनके साथ हंगरी के विख्यात कोच वोलेर अकोस और फिजियो अश्विनी पाटिल हमेशा रहते हैं । इनको ओलम्पिक के लिए इनके अतिरिक्त व्यक्तिगत सहायक स्टाफ जैसे विभिन्न स्पारिंग पार्टनर्स, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विशेषज्ञ, के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिसका विवरण इस प्रकार है:-

1. वोलर अकोस, कोच के रूप में उसके साथ थे ।

2. वेन पैट्रिक लोम्बार्ड, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विशेषज्ञ

3. अश्विनी जीवन पाटिल, फिजियोथेरेपिस्ट

4. मयंक सिंह गरिया, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विशेषज्ञ

5. शुभम और अरविंद, स्पारिंग पार्टनर

इनको पेरिस ओलंपिक चक्र के लिए कुल ₹70,45,775 की वित्त सहायता दी गई है । जिसका विवरण इस प्रकार है:-

स्पेन के ग्रैंड प्रिक्स में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता । साथ ही 3 जुलाई से 13 जुलाई 2024 (10 दिन) तक मैड्रिड, स्पेन में अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता । इसके अलावा, फ्रांस के बुलोन सु-मेर में पूर्व-ओलंपिक प्रशिक्षण शिविर के लिए अतिरिक्त सहायता की है ।? (व्यवधान)

2024 अंताराष्ट्रीय कुश्ती संघ (UWW) 2nd रैंकिंग सीरीज में 6 जून से 9 जून 2024 (4 दिन) तक बुडापेस्ट, हंगरी में भाग लेने के लिए और 10 जून से 21 जून 2024 (11 दिन) तक Tata Olympic Centre, हंगरी में अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए अतिरिक्त सहायक स्टाफ के लिए वित्तीय सहायता की है ।? (व्यवधान)

स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच - Mr. Wayne Patrick Lombard के लिए Tata Olympic center, हंगरी में 10 जून से 21 जून 2024 (11 दिन) तक अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए भी वित्तीय सहायता की है ।? (व्यवधान)

13 जुलाई 2023 से 16 जुलाई 2023 (4 दिन) तक बुडापेस्ट, हंगरी में 4th रैंकिंग सीरीज में भाग लेना और 10 से 26 जुलाई 2023 (16 दिन) तक बुडापेस्ट, हंगरी में प्रशिक्षण शिविर हेतु उसको वित्तीय सहायता की है ।? (व्यवधान)

बेल्मेकेन, बुल्गारिया में 10.11.2022 से 03.12.2022 (23 दिन) तक प्रशिक्षण के लिए वित्तीय सहायता दी है ।? (व्यवधान)

उनके rehab प्रक्रिया के लिए आवश्यक उपकरण खरीदने के लिए भी वित्तीय सहायता की गई है ।? (व्यवधान)

(क) 2020 टोक्यो ओलंपिक चक्र ₹1,13,98,224 का आर्थिक सहयोग उनको किया गया था ।? (व्यवधान)

(ख) 2024 पेरिस ओलंपिक चक्र में भी TOPS (टार्गेट ओलंपिक पोडियम स्कीम) **:** ₹ 53,35,746 एवं ACTC (वार्षिक ट्रैनिंग एवं स्पर्धा कैलेंडर) ₹17,10,029/- कुल मिलाकर ₹ 70,45,775 हमारे खिलाड़ी को आर्थिक सहायता करके उसको सक्षम किया गया है ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक 8 अगस्त, 2024 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**18.26 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*

*onThursday, August 8, 2024/Sravana 17, 1946 (Saka).*

**INTERNET**

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website at the following address:

www.sansad.in/ls

**LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA**

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the

House.

---

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business

in Lok Sabha (Seventeenth Edition)

---

---

* Not recorded

* *Vide* Amendments List No.3 circulated on 6.8.2024

* *Vide* Amendments List No. 3 circulated on 6.8.2024.

* *Vide* Amendments List No. 3 circulated on 6.8.2024.

* *Vide* Amendments List No.3 circulated on 6.8.2024

* *Vide* Amendments List No.3 circulated on 6.8.2024